# सांसद-विधायक निधि से हो रहे कार्यो की समीक्षा, लापरवाही पर नोटिस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कल 26 जून 2025 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।



बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ., सहायक यंत्री, जिला पंचायत की शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि यह अभियान 30 जून तक चलेगा और अब अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने इस दौरान किए जा रहे डगवेल रिचार्ज और फार्म पोंड निर्माण जैसे कार्यों की प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

परासिया एवं तामिया जनपदों में इन कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर वहां के सी.ई.ओ. और सहायक यंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण अभियान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) के अंतर्गत सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों जैसे महुआ कुकीज़, वॉशिंग पाउडर, शहदए चिरौंजी आदि को बाजार उपलब्ध कराने एवं प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि इन उत्पादों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके प्रयास सभी अधिकारी प्राथमिकता से करें।

उन्होंने एन.आर.एल.एम. से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यह सोचने की जरूरत है कि उन पैसों से कितनी दीदियों को रोज़गार और आत्मनिर्भरता मिल रही है। सरकार ने यह मिशन समूह की महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के उद्देश्य से शुरू किया है, इसलिए आप सब अपने दायित्व को गंभीरता से समझें।

# बरारिया स्कूल पहुंच मार्ग हुआ जलमग्न



**परासियाा, देशबन्धु।** चौंकिएगा मत, यह नदी या तालाब नहीं है यह तस्वीर ग्राम पंचायत बरारिया स्कूल पहुंच मार्ग की है जहां सड़क सीमा के नजदीक गांव के दो लोगों ने मिट्टी बंधान कर पानी के बहाव को रोक दिया है, जिससे यह सड़क मे 50 मीटर से अधिक दूरी में जलमग्न हो गई है। मुख्य सड़क में कीचड़ और पानी के कारण स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों और ग्रामीणो के आवागमन में अत्यंत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त बिषय को लेकर सरपंच मोहन कहार ने 19 जून को एस.डी.एम. पुष्पेंद्र निगम से मुलाकात कर एक पत्र लिखकर समस्या के निराकरण की बात रखी थी, जिसमें एस.डी.एम. ने राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय पटवारी को एक पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाकर करवाई करने की बात कही थी। पत्र में कहा गया था कि आप तत्काल उक्त स्थल की जांच कर अतिक्रमण होने पर अतिक्रमण का प्रकरण तैयार कर अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें।

गत 20 जून को राजस्व निरीक्षक राजाराम, शंकर सिंगारे अपनी पटवारी टीम के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुंचे जहां मुख्य मार्ग के दोनों तरफ पांच-पांच फीट अतिक्रमण पाया गया। अतिक्रमणकारियो द्वारा मिट्टी का बंधान बनाकर अतिक्रमण भी देखा गया। इसके बावजूद भी राजस्व टीम ने इस अतिक्रमण को हटाने के लिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। राजस्व निरीक्षक ने अतिक्रमण हटाने की अपेक्षा पंचायत को नाली बनाकर पानी निकालने के लिए कहा, जबकि सड़क के दोनों तरफ पाइप लाइन होने के कारण पक्की नाली निर्माण करना संभव नहीं है। सड़क की भौगोलिक स्थिति के अनुसार गांव का पानी इसी रास्ते से जाता है, पानी का बहाव इतना तेज नहीं है कि फसल को नुकसान हो सके जहां इन लोगों ने अतिक्रमण किया है।

उक्त स्थल की शासकीय भूमि से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक निधि से स्वीकृत उक्त सड़क का निर्माण किया जाना है सड़क में पानी और कीचड़ आने से निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है।

इस मार्ग में मिट्टी डालकर किया गया अतिक्रमण हटाने से स्कूली विद्यार्थी कर्मचारी और ग्रामीणों का आवागमन सुलभ हो सकेगा राजस्व विभाग द्वारा यह अतिक्रमण नहीं हटाने की दशा में इस मार्ग में दुर्घटना संभावित है, वहीं तीन से चार गरीब परिवारों के घर में पानी प्रवेश करने से गृहस्थी के समान के नुकसान होने की आशंका भी है।

## आरआई, पटवारी ने नहीं किया एसडीएम के आदेश का पालन

मिट्टी बंधान हटाने से सड़क में पानी नहीं रुकेगा। सैकड़ो स्कूली विद्यार्थी और आंगनवाड़ी के बच्चों और ग्रामीणो को परेशानी नही होगी। जिस मुख्य मार्ग में इन दो लोगों ने सड़क के समीप मिट्टी डालकर बंधान बनाकर पानी का बहाव रोका है जिससे यह सड़क जलमग्न हो गई है।

इस मार्ग से हाईस्कूल पहुंचने वाले सैकड़ो विद्यार्थी, आंगनवाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चे एवं ग्रामीण सहित ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचने वाले हितग्राहियों, स्कूल आने वाले शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों को

सरपंच मोहन कहार ने बताया कि राजस्व टीम ने यहां अतिक्रमण पाया गया है फिर भी चुप्पी साधे हुऐ हैं। अतिक्रमण होने की जानकारी एसडीएम को नहीं दी गई। इस संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर उक्त समस्या रखेंगे। उन्होंने कहा कि अगर इस मार्ग में कोई अनहोनी घटना होती है जिसकी जिम्मेदार प्रशासन होगा ऐसा क्षेत्रवासियों और सरपंच का भी कथन है। इस दिशा में जिला कलेक्टर का ध्यान अपेक्षित है।

## सार समाचार

### आज मोठार में होगा खाटू श्याम का भजन संध्या कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 27 जून 2025 दिन शुक्रवार को समय सायं 7 बजे से प्रभु इच्छा तक ग्राम मोठार में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिलेगा, जहाँ बाबा खाटू श्याम जी की विशाल भजन संध्या का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक अखिल अजय सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि संध्या में जिले के प्रतिष्ठित भजन कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और आनंद से भर देंगी। इस अवसर पर बाबा की मनोहारी झांकी, इत्र वर्षा, भव्य 56 भोग, एवं अन्य विशेष आयोजन भी किए जाएंगे जो कार्यक्रम को एक दिव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे समय पर पहुंचकर इस पावन आयोजन का लाभ लें एवं भक्ति रस में सराबोर हों।

### परासिया विधायक ने कोयला मंत्री एवं वेकालि चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 26 जून 2025 को परासिया विधायक सोहनलाल बाल्मीक द्वारा महाप्रबन्धक वेकोलि पेंच / कन्हान क्षेत्र परासिया के माध्यम से चेयरमेन, कोल इंडिया लिमिटेड कोलकाता व जी.एस. रेड्डी, केन्द्रीय कोयला मंत्री, के नाम से ज्ञापन दिया गया।

वर्तमान में कोल इंडिया लिमिटेड के स्थाई कर्मचारियों के लिये यूनिफार्म के लिये यूनिफार्म ड्रेस कोड लागू किया गया है। जिसके लिये उन्हें प्रतिवर्ष 12500/- रूपये की राशि देना तय किया गया है। इस सुविधा में कम्पनी की ओर से सी.आई.एल. के लाखों कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जिसमें उन ठेकेदारी कामगारों को शामिल नहीं किया गया है जो प्रतिदिन सी.आई.एल. के स्थाई कामगारों के साथ पूर्ण भागीदारी से कार्य करते हैं। यूनिफार्म ड्रेस कोड लागू होने के बाद इन सभी वर्गों के कर्मचारियों में भिन्नता नजर आने लगेगी जिससे साथ में कार्य करने वाले ठेकेदारी कामगारों का मनोबल गिरेगा।

ज्ञापन में चेयरमेन, कोल इंडिया लिमिटेड कोलकाता व जी.एस. रेड्डी, केन्द्रीय कोयला मंत्री से अनुरोध किया गया कि सी.आई.एल. के स्थाई कर्मचारियों की भांति ठेकेदारी कामगारों पर भी यूनिफार्म ड्रैस कोड लागू कराते हुये सी.आई.एल. की तरफ से ठेकेदारी कामगारों को प्रतिवर्ष यूनिफार्म के लिये राशि प्रदान किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक, भगवानदीन यादव, मनोज तिवारी, साबिर खान, कय्यूम भाई, कमल सिंह राठौर, महेन्द्र पवार, ताहिर खान, विकेश सिंह, मनोज साहू, संतोष लोहरिया व अन्य पदाधिकारी शामिल हुय ।

### एनएसयूआई में नगर उपाध्यक्ष बने युवराज उइके

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एनएसयूआई में नवनियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व एनएसयूआई के प्रभारी राकेश माहौरे की अनुशंसा उपरांत जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के द्वारा युवराज उइके को एनएसयूआई का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी को जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, गंगाप्रसाद तिवारी, गोविंद राय सहित अन्य ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सभी नियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्व सी.एम. कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ सहित जिला कांग्रेस, जिला महिला कांग्रेस, सेवादल आदि का आभार व्यक्त किया है।

# बहुचर्चित मंगीबाई अंधे हत्याकांड का आरोपी दोषमुक्त

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत भूमकाघाट के जंगल घटोरी परासिया रोड में 22 मई 2024 को एक महिला का शव मिला था, जिसकी पहचान सिंगोड़ी निवासी मग्गीबाई चंद्रवंशी के रूप में हुई जो कि सिंगोड़ी अंग्रेजी शराब दुकान में खाना बनाने का काम करती थी। मृतिका अपने घर से अंग्रेजी शराब दुकान गई थी जिसके बाद वह अपने घर नहीं पहुंची थी। तीन दिन बाद उसका शव भूमका घाटी के जंगल में मिला था।



पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। पुलिस के द्वारा जांच कर मृतिका का दूर के रिश्तेदार प्रेमलाल पिता द्वारका चंद्रवंशी को आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त प्रकरण अमरवाड़ा के अपर एवं जिला सत्र न्यायालय में लगभग 1 वर्ष चला आरोपी की और से पूरे प्रकरण में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध श्रीवास्तव, अधिवक्ता नूपुर विश्वकर्मा, अधिवक्ता अंशुल जैन, अधिवक्ता नीतेश प्रजापति के द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि आरोपी प्रेमलाल ने मग्गीबाई की हत्या नहीं की थी, उसे झूठा फंसाया गया था। अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार उईके ने प्रेमलाल पिता द्वारका चंद्रवंशी को बहुचर्चित अंधे हत्याकांड में दोषमुक्त किया। दोषमुक्त आरोपी प्रेमलाल के पिता द्वारका चंद्रवंशी एवं उसके परिवार के सदस्यों ने न्यायालय का फैसला शिरोधार्य करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है कि उन्हें पता था कि न्याय सच्चाई का साथ देगा और अंतत: जो फैसला हुआ है उसका हम सम्मान करते है।

# किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा पॉक्सो अधिनियम 2012 पर जिलास्तरीय कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बच्चों के प्रति संवेदनशील रहना आवश्यक है, साथ ही बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने, बनाए गए कानून का पालन विधिवत हो, समाज के लोगो की नैतिक जिम्मेदारी भी है की बालको का संरक्षण एवम उनमें होने वाले लैंगिक अपराधो को रोके इस हेतु 24 जून 2025 को जिला पंचायत के सभागार जिला छिंदवाड़ा में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे, सहायक संचालक डॉ. हेमंत छैकर, सहायक संचालक प्रभारी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर डॉ. मोनिका बिसेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी के. एल. खोबरागड़े, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थानिक अंजना पवार, बाल संरक्षण अधिकारी गैर संस्थानिक चंद्रशेखर नागेश, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति के समस्त सदस्य, बाल गृह के अधीक्षक, शिशु ग्रह के प्रबंधक, सपोर्ट पर्सन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी, थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उक्त प्रशिक्षण में शामिल रहे।

कार्यशाला में सर्वप्रथम बाल संरक्षण अधिकारी संस्थानिक श्रीमती अंजना पवार द्वारा उक्त प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए जानकारी दी गई तथा जिले में संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति से अवगत करते हुए मिशन वत्सल योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना पी.एम. केयर फॉर चिल्ड्रन योजना स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई।

साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदान करते हुए किस तरह से कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि:संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात वन स्टॉप सेंटर के प्रशासक द्वारा वन स्टॉप सेंटर में समस्त प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को आश्रय, विधिक, पुलिस, परामर्श, चिकित्सा की सहायता प्रदान की जाती है के संबंध में वन स्टॉप सेंटर की रूपरेखा तथा वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदाय की जा रही सुविधाओं सेवाओं की जानकारी से डॉ. मोनिका बिसेन द्वारा अवगत कराया गया।

तत्पश्चात जिला विधिक सहायता अधिकारी के.एल. खोबरागड़े द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किस तरह से हम उस योजनाओं से आम नागरिकों को लभांवित कर सकते हैं के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रदान की गई। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अतिशय जैन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड की कार्य प्रणालियों तथा कार्यवाहियों के बारे में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया गया तथा किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने वाले बालकों के संबंध में अपनाई जा रही प्रक्रियाओं के बारे में समस्त थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के दायित्व से अवगत कराया गया।

बाल संरक्षण अधिकारी गैर संस्थानिक चंद्रशेखर नागेश द्वारा जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बच्चों से संबंधित बाल अधिकार की जानकारी दी गई। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बाल कल्याण समिति की कार्यवाहियों तथा किशोर न्याय बोर्ड की कार्रवाइयों से अवगत कराया गया किस तरह से कोई बालक देखरेख एवं संरक्षण की श्रेणी में तथा विधि का उल्लंघन करने वाली के श्रेणी में आता है के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया।




साथ ही में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं को लैंगिक शोषण से बचाने संबंधी विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यशाला के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे द्वारा उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## छिन्दवाड़ा के महाराजा का पटा पूजन किया सांसद ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गणराज वेलफेयर सोसाइटी छिंदवाड़ा के महाराजा प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य अमित राय, कोषाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा की मूर्ति निर्माण के पूर्व छिंदवाड़ा के महाराजा के परम भक्त छिंदवाड़ा पांढुरना सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं समस्त गणेश भक्तों की उपस्थिति में महाराजा की सुंदर, मनमोहक, दिव्य मूर्ति का निर्माण पूर्व पट पूजन कार्य संपन्न हुआ। छिंदवाड़ा के महाराजा के वरिष्ठ सदस्य इमरत चक्रवर्ती, राजेश साहू ने बताया कि शुभ अमृत योग पर दिनांक 26 जून को कलेक्टर बंगले के पास पुराना गुरैया नाका में श्री छिंदवाड़ा के महाराजा के स्थापना स्थल पर पूरे विधि-विधान और मंत्र उच्चारण के साथ भगवान श्री गणेश छिंदवाड़ा के महाराजा की मूर्ति निर्माण के पूर्व उनके भव्य पटा का पूजन विधिवत तौर पर सैकड़ो गणेश भक्तों की उपस्थिति पूज्य श्रवण कृष्ण शास्त्री ने कराया।

## रेखा गढ़ेवाल को कांग्रेस ने सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ में परासिया विधानसभा प्रभारी मनोनीत की गई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा उपरांत रेखा गढ़ेवाल को महिला कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की परासिया विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी को विश्वनाथ ओकटे, गंगाप्रसाद तिवारी, गोविंद राय, गुरूचरण खरे, सविता कनोजिया, संतोषी गजभिये, प्रकाश मेहरोलिया ने स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान से गांगतवाड़ा गांव के लिए संजीवनी बना सामुदायिक रिचार्ज पीट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा और निर्देशों के अनुरूप पांढुर्णा जिले में 30 मार्च से 30 जून तक चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान ने ग्रामीण अंचलों में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। इस अभियान की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है जिले की जनपद पंचायत सौंसर की ग्राम पंचायत गांगतवाड़ा का ग्राम गांगतवाड़ा, जहाँ सामूहिक सहभागिता, नवाचार और सतत प्रयासों ने जल संकट को विकास की धार में बदल दिया है।



**जब कूप भी चुप हो जाए तब उठता है नवाचार का सूरज**- छोटा सा गांव गांगतवाड़ा गर्मियों में पेयजल की भारी किल्लत से जूझता था। फरवरी-मार्च में ही गांव के अधिकांश कूप सूख जाया करते थे। शासन की मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2018-19 में हाई स्कूल के पास सामुदायिक कूप तो बन गया, लेकिन वह भी हर साल गर्मियों में जवाब देने लगा।

**मात्र कुआँ खोदने से नहीं, उसे जीवन देने का प्रयास ज़रूरी है**- यह सोचकर गांव के जागरूक नागरिकों और ग्राम पंचायत ने एक नई राह चुनी। ग्रामसभा में हुई सामूहिक चर्चा में यह तय किया गया कि अब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि धरती मां को वापस देना भी जरूरी है।

**रिचार्ज पिटरू छोटी सी कोशिश, बड़े परिणाम**- वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत उसी सामुदायिक कूप के पास एक रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया। आसपास की गलियों और छतों के वर्षाजल को पाइपों द्वारा इस पिट में लाया गया, जहां रेत, गिट्टी और पत्थरों की परतों से होकर पानी धीरे-धीरे ज़मीन में उतरने लगा। इसका परिणाम यह हुआ कि अब कूप मई-जून तक भी जल से भरा रहता है। गांव में जल स्तर में 10 से 12 फीट तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आज इस नवाचार की वजह से न सिर्फ सामुदायिक कूप, बल्कि आसपास के हैंडपंप और निजी कुएं भी जल से भरपूर हैं।

**शासन, समाज और समझ की त्रिवेणी**- इस परिवर्तन की कहानी सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि सरकार की दूरदृष्टि, योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन और जनता की सहभागिता की मिसाल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता इस अभियान में स्पष्ट झलकती है। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अमले ने भी जमीनी स्तर पर इसे केवल योजना नहीं, बल्कि जनचेतना का रूप दिया है।

**गांगतवाड़ा बना राह दिखाने वाला गांव**- अब यह गांव जलगंगा अभियान के तहत जिले भर के लिए एक मॉडल विलेज बन गया है। यहां से प्रेरणा लेकर अन्य ग्रामीणों ने भी अपने-अपने कुओं के लिए रिचार्ज पिट बनवाने की पहल की है। गांगतवाड़ा ने यह सिद्ध कर दिया कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का धर्म है।

# केश शिल्पी योजना में उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिनेश बंदेवार का सम्मान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** . मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में केश शिल्पियों व सेन समाज की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ इस अवसर पर मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के चेयरमैन नंदकिशोर वर्मा (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) के अतिथि में हुई।

इस अवसर पर नंदकिशोर वर्मा ने कहा मध्यप्रदेश शासन की केश शिल्पियों बंधुओ की मांगों को लेकर सभाकक्ष में केश शिल्पी बंधुओ को अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश सरकार को इस केश शिल्पी सम्मेलन के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन का ध्यानाकर्षण कराकर उनके आर्थिक ओर समाजिक विकास कैसे संभव हो इसके लिए प्रयास करेंगे।

मध्यप्रदेश शासन की तरफ से सम्मेलन में उपस्थित हुए नगरीय प्रशासन के आयुक्त सांकेत भोड़वे ने कहा कि केश शिल्पियों को मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ने के प्रयास शासन स्तर पर किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केश शिल्पियों को ओर बेहतर ओर आधुनिक तरीके से केश शिल्पियों की प्रशिक्षित करने की मध्यप्रदेश शासन की मंशा है जिसे शीघ्र जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जावेगी। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश शिल्पी मंडल बोर्ड के सेक्रेट्री बी.डी. माथुर व अधिकारी देवेन्द्र बारस्कर सहित अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर छिन्दवाड़ा के दिनेश बंदेवार को केश शिल्पी के लिए सम्मानित किया गया।

## सार समाचार

### विभिन्न स्थानों पर दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर निकाय क्षेत्र में तम्बाकू एवं नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के योजना शाखा में सामाजिक न्याय अधिकारी लीना उईके द्वारा योजना कार्यालय, राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक द्वारा कुकड़ा जगत, शेखर पटेल द्वारा जगन्नाथ जोन, मनोज पावर तथा पवन सोनी द्वारा मुख्यालय जोन, धर्मेंद्र माहोरे द्वारा चंदनगांव एवं अमित सारवान द्वारा नोनिया करबल जोन के कार्यालयों तथा जोन के विभिन्न स्थानों में आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सभी स्थानों में नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के नोनिया करबल में एक 45 साल के व्यक्ति को साढ़े 4 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है। पुलिस ने उसके खिलाफ पास्को एक्ट सहित अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने घर पर अपनी बहन के साथ अकेली थी, उसकी मां किराए का मकान देखने गई थी और पिता मजदूरी के लिए बाहर थे। इसी दौरान आरोपी बच्ची को बहला-फुसलाकर पास के तालाब के किनारे ले गया और उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की। स्थानीय लोगों ने आरोपी की हरकत को देखकर हस्तक्षेप किया और बच्ची को छुड़ाया। इसके बाद बच्ची की मां ने देहात थाने में शिकायत दर्ज की। बच्ची ने भी पूरे मामले की पुष्टि की।

बताया जा रहा है कि आरोपी शादीशुदा है, लेकिन उसकी पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। वो अकेले रहता है। थाना निरीक्षक जी.एस. राजपूत ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### मीसा बंदियों के परिवारों का किया सम्मान



**हर्रई, देशबन्धु।** मंडल हर्रई द्वारा लोकतंत्र सेनानी के परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करने का आयोजन राज महल प्रांगण में विधायक कमलेश प्रताप शाह की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्व भारत माता चित्र की पूजन आरती कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया। विधायक वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम शर्मा, शम्भु साहू, विनोद विश्वकर्मा, डॉ. प्रियंक शर्मा सहित सभी उपस्थित वरिष्ठों पे पूजन में भाग लेकर कार्यक्रम को गौरवांवित किया। बाद में विधायक कमलेश प्रताप शाह ने उपस्थित मीसा बंदी परिवारों के सदस्यों का पुष्पहार एवं शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया।

इस अवसर पर पुरुषोत्तम शर्मा आपात काल के दौरान उनके परिवारों पर क्या जुल्म ढाये गये, किस प्रकार घरों पर पत्थर फेंके गए, गंदे-गंदे शब्द लिखकर शौचालय में फेंगे जाते, मवेशियों को भगा दिया जाता, खड़ी फसलों को मवेशियों से चरा दिया जाता आदि विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका शर्मा ने किया आभार प्रदर्शन दीपक पाण्डे ने किया इस पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता श्रीमति कामनी शाह की उपस्थिति विशेष रही।

# वार्ड 26 में मातृ शक्ति की बैठक का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 26 जून को विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति द्वारा वार्ड नंबर 26 में बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से मातृशक्ति जिला संयोजिका नेहा दिनेश वर्मा एवं जिला सत्संग प्रमुख अन्नीलाल दुबे एवं जिला सह मंत्री विनोद कोहले मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अन्नीलाल दुबे के द्वारा समस्त मातृ शक्तियों को संबोधित किया गया उन्होंने कहा की समाज में मातृशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति है जो समाज को आगे बढ़ाने एवं एकरूपता ला सकती है उन्होंने यह भी कहा कि माता ही बच्चों की आदर्श एवं गुरु होती है जो बच्चों को सही मार्गदर्शन एवं संस्कार दे सकती है।

तत्पश्चात मातृशक्ति जिला संगठन मे नई दायित्वों की घोषणा की गई जिसमें मीरा पराड़कर को जिला सह संयोजिका एवं मंजू जायसवाल को जिला सह संयोजिका, पूजा साहू को जिला सेवा प्रमुख व ललिता सरवैया को जिला सेवा प्रमुख की घोषणा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने वरिष्ठजनों का आभार माना।



# सड़क के बच्चे अभियान के तहत बाल संरक्षण दल की कार्रवाई से शहर में हड़कंप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सड़क के बच्चे अभियान के अंतर्गत कल 26 जून 25 को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश शिवहरे के निर्देशन और सहायक संचालक हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर नागेश के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण दल छिंदवाड़ा द्वारा सड़क के बच्चे अभियान पर कार्यवाही की गई जिससे शहर छिन्दवाड़ा में ऐसे बच्चें जो घूम रहे है उनके परिजनों में हड़कम्प मच गया।



स्ट्रीट चिल्ड्रेन अभियान के तहत छिंदवाड़ा के फव्वारा चौक, राजीव गांधी बस स्टैंड, मानसरोवर कांप्लेक्स, जेल तिराहा, जेल बगीचा, रेलवे स्टेशन क्षेत्र और धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया गया। राजीव गांधी बस स्टैंड के पास निवासरत बंजारा समूहों के बच्चे खेलते हुए मिले, उनके परिजनों को भिक्षावृत्ति और बाल श्रम न करवाने समझाईश दी गई। वहीं फल फूल मार्केट के पीछे में टीम द्वारा भ्रमण कर पाया कि कुछ बच्चे जो अपने परिजनों के साथ में फल फूल मार्केट की बंद दुकान झोपड़पट्टी में अस्थाई रूप से शरण लिए हुए हैं, इन बच्चों के परिजन भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते हैं।

परिजनों द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि हम भीख मांगते हैं पर हमारे बच्चे यही झोपड़े में ही रहते हैं। इन बच्चों के परिजनों को भी बच्चों से भिक्षावृत्ति और बाल श्रम न करवाने और स्कूल भेजने की समझाइश दी गई।

भ्रमण दौरान उक्त स्पॉट पर दुकानदारों को जागरूक किया गया और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर दिया गया एवं बताया गया कि भिक्षावृत्ति, बालश्रम करते हुए यदि कोई बच्चा मिलता है तो सूचित करें। दल द्वारा आगे भी इसी प्रकार अभियान कार्यवाही की जाएगी और भिक्षावृत्ति या बालश्रम में लिप्त बच्चे मिलने पर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।

उक्त कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण दल में विशेष किशोर पुलिस इकाई से ए.एस.आई. दिनेश सोनी, प्रधान आरक्षक लोकेश बघेल, प्रदीपन संस्था से जिला कॉर्डिनेटर रामनाथ, काउंसलर रंजीता कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिले में 103.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 103.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 129.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 26 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 24.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख ने बताया कि 26 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 18 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# 411 किमी की खंडवा पदयात्रा पर निकले सांसद

## दादाजी दरबार में माथा टेकेंगे सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दादाजी दरबार खंडवा में धुनी वाले दादाजी के दरबार में माथा टेकने के लिए 14 दिवसीय 411 कि.मी. की पदयात्रा की शुरूआत सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरूवार को की। पदयात्रा शुरू करनें के पहले सांसद श्री साहू ने अपने निवास स्थान पर मां नर्मदा के जलकलश की परिवार सहित विधि विधान से पूजा की। सांसद श्री साहू अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी साहू के साथ घर से जलकलश लेकर हनुमान मंदिर पहुंचे।



हनुमान मंदिर में पुजारियों द्वारा साहू परिवार की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ मां नर्मदा की जलकलश की विधिविधान से पूजा अर्चना की। मां नर्मदा के जलकलश को पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में सांसद श्री साहू के द्वारा रखा गया। अपनी 14 दिवसीय पदयात्रा को शुरू करने के पूर्व सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम स्थल में मौजूद सभी धर्मों के धर्मगुरूओं का पुष्प व शाल श्रीफल से सम्मान कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। सभी धर्मगुरूओं ने सांसद श्री साहू को आर्शीवाद देते हुए उनकी सफल पदयात्रा की कामना की।

सांसद श्री साहू के निवास स्थान के सामने स्थित हनुमान मंदिर से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। पदयात्रा सत्कार चौक, कलेक्ट्रेड कार्यालय के सामने से होते हुए गुरैया सब्जी मंडी से होकर अपने पूर्व निर्धारित मार्ग पर रवाना हुई। पदयात्रा का छिन्दवाड़ा शहर सहित ग्रामीण अंचलों में भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में पदयात्रियों के साथ सांसद श्री साहू चल रहे है। इस दौरान हुई बारिश भी पदयात्रा को रोक नहीं पाई।

**रोहना सहित अन्य स्थानों पर में हुआ पदयात्रा का भव्य स्वागत**

पदयात्रा का रोहना सहित अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा के रोहना पहुंचने पूर्व युवा नेता अजय सक्सेना ने सांसद बंटी विवेक साहू का स्वागत किया। रोहना में पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीताराम डेहरिया, विजय पांडेय, पंकज शुक्ला, छोटु पाल, धर्मेन्द्र मिगलानी, सीताराम चंद्रवंशी, अखिलेश शुक्ला, बब्लू विश्वकर्मा, अभिषेक वर्मा, नीरज वर्मा, शरद पेठने, गुडडा सुर्यवंशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में रोहनावासी उपस्थित थे।

पदयात्रा सांसद निवास के सामने से प्रारंभ होने के बाद नाहर नर्सिग होम के सामने, गुमठी व्यापारी संघ, सत्कार चौक में सिंघई परिवार, गुलाबरा मेन रोड के पास गुलाबरा वासियों एवं गोयल परिवार, शुक्ला ग्राउंड के पास तिलोरे कुन्बी समाज एवं वार्ड वासियों के द्वारा, छिन्दवाड़ा के महाराजा के संगठन के द्वारा, आदिनाथ पेट्रोल पम्प में चन्द्रकुमार चंदू जैन के द्वारा, रानी की कोटी के पास मंडल अध्यक्ष श्रीमति लीला बाजोलिया एवं वार्ड वासियों द्वारा, गुरैया मंडी में गुरैया व्यापारी मंडल सहित अन्य स्थानो पर भव्य स्वागत किया गया।

**प्रमुख सामाजिक संगठनों की रही मौजूदगी**

दादाजी दरबार खंडवा के लिए रवाना हुई 14 दिवसीय पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर सकल जैन समाज, खंडेलवाल पंचायत, जिला नेमा समाज, गोला पुरब जैन समाज, तारण जैन समाज, परवार जैन समाज, सोनी समाज, अग्रवाल समाज, महेश्वरी समाज, रघुवंशी समाज, कलचुरी कलार समाज, पवार समाज, गुजराती समाज, किरार समाज, सैन समाज, सिख समाज, कुर्मी समाज, राजस्थानी ब्राम्हण समाज, चौरसिया समाज, अहिरवार समाज, वाल्मिकी समाज, राजपूत समाज, गुप्ता समाज, कुशवाहा समाज, मांग समाज, वंशकार समाज, श्री रामलीला मंडल, बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट, गोंड समाज महासभा, मंडी व्यापारी संघ, गांधीगंज व्यापारी संघ, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज, स्वर्णकार समाज, सिन्धी समाज, साहू समाज संगठन, पंजाब सेवा समिति, झंग पंजाबी समाज, माली समाज, प्रेस क्लब व प्रेस एसोसिएशन, जिला क्षत्रिय पवार समाज, अधिवक्ता संघ, पाल समाज, कतिया समाज, तिरोली कुनबी समाज, लोणारी कुनबी समाज, मेहरा डेहरिया समाज, गुजराती समाज, रविदास समाज, पंजाब सेवा समिति, जिला क्षत्रिय पवार समाज संगठन सहित अन्य संगठन शामिल है।

दादाजी दरबार खंडवा के लिए रवाना हुई 14 दिवसीय पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके, विधायक राजा कमलेश शाह, महापौर विक्रम अहके, पूर्व विधायक रमेश दुबे, नानाभाऊ मोहोड़, नत्थन शाह कवरेती, नगरपालिका परासिया अध्यक्ष विनोद मालवी, नगर पालिका दमुआ अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर, वरिष्ठ भाजपा राजू नरोटे, टीकाराम चंद्रवंशी, मनोज नेमा हर्रई, नरेश साहू, प्रभुनारायण आदि